आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो ऐप फोरम पर और अधिक प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करने की अपील कहा– महिला दिवस पर प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट्स के संचालन के लिए प्रेरक यात्राओं वाली कुछ महिलाओं का होगा चयन
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास और शहरी नियोजन विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा–निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा
- प्रयागराज के आसपास के शहरों के लिए चलाई जाएंगी महाकुंभ में चलीं चालीस सीटों की क्षमता वाली छब्बीस शटल बसें
- लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कल खेले गये महिला प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल दो हजार पचीस में गुजरात की टीम ने जीता मैच, यूपी वॉरियर्ज की टीम को इक्यासी रनों से हराया

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से नमो ऐप ओपन फोरम पर और अधिक प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करने का आग्रह किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बताया कि नमो ऐप पर साझा की गई प्रेरक यात्राओं में से कुछ महिलाओं को आठ मार्च को महिला दिवस पर प्रधानमंत्री के डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट्स का संचालन करने के लिए चुना जाएगा। इस बीच, नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं में वित्तीय जागरुकता पिछले वर्ष की तुलना में बयालीस प्रतिशत बढ़ी है। नई दिल्ली में नीति आयोग की यह रिपोर्ट बॉरोअर्स टू बिल्डर्स वुमेन्स रोल इन इंडियाज फाइनेंशियल ग्रोथ स्टोरी नाम से कल जारी की गई। एक रिपोर्ट–

**नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने रिपोर्ट जारी करते हुए महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने में वित्त तक पहुंच की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कुल स्व–निगरानी आधार में महिलाओं की हिस्सेदारी पिछले वर्ष दिसंबर में बढ़कर 19 दशमलव चार–तीन प्रतिशत हो गई, जो वर्ष 2023 में 17 दशमलव आठ–नौ प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार मेट्रो शहर की तुलना में गैर–मेट्रो क्षेत्रों की महिलाएं अपने ऋण की स्वयं निगरानी सक्रिय रूप से कर रही हैं। प्रिया और दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जया भारती।**

**********

भारत सरकार ने भारतीय रेलवे वित्त निगम तथा भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम–आई आर सी टी सी को नवरत्न का दर्जा दिया है। ये दोनों रेल मंत्रालय के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम है। इसके साथ ही, सभी सात रेलवे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम को नवरत्न का दर्जा मिल गया है। नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने वाले अन्य पांच उद्यम कॉनकॉर, आरवीएनएल, इरकॉन, राइट्स और रेलटेल हैं। इस उपलब्धि पर नई दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह रेलवे को रूपांतरित करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की। विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अनियोजित शहरीकरण पर रोक लगाने पर जोर दिया। इस मौके पर अंसल ग्रुप और खरीददारों के विवाद का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने ग्रुप के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भारतीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम लखनऊ और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महाकुंभ के सफल आयोजन द्वारा राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प की अद्भुत तस्वीर बनकर उभरा।

**इतना बड़ा आयोजन कौशल संपन्न तब होगा जब सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था हो। क्राउड मैनेजमेंट एंड सिक्योरिटी की उत्तम व्यवस्था और प्रत्येक व्यक्ति के मन में हम एक विश्वास पैदा कर सकें कि हाँ यह पुलिस हमें सुरक्षा दे सकती है। दूसरा किसी भी क्राइसिस मैनेजमेंट में किसी भी स्वयं सेवी संगठन से महत्वपूर्ण रोल पुलिस की होती है।**

**********

प्रदेश विधानसभा में कल बजट पर चर्चा हुई। प्रश्नकाल के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस–एचएमपीवी को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सभी जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता हुई तो प्रदेश के सभी जिलों में लैब की व्यवस्था की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के अस्पतालों में लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत नौ हजार करोड़ रुपये इलाज पर खर्च किये गये हैं।

**********

विधान परिषद में नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कल कहा कि किसान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। सरकार का लक्ष्य है कि किसानों की लागत को कम किया जाये, उत्पादन में वृद्धि हो और उपज का सही मूल्य दिलाया जाये, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो।

**********

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को कल पार्टी से भी निष्कासित कर दिया। बसपा प्रमुख ने कल सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। एक दिन पहले हुई पार्टी की बैठक में आकाश आनंद को सभी पदों से मुक्त कर दिया गया था।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल सपरिवार मथुरा के वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन किए और केसी घाट पर यमुना आरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संतों और स्थानीय लोगों से बातचीत की तथा क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को समझा।

**********

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने ब्रह्म कुंड गुरुद्वारे में प्रार्थना भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर का दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में अलग ही स्थान है।

**सही माने में ये जो राम मंदिर है ये सिर्फ रिलिजियस नहीं ये मैं मानता हूँ कि सिविल इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चरल मार्बल भी है। जब ये पूरा जब समझ आएगी की इसकी कैसे फाउंडेशन की गई कितने तरीके से कहाँ से पत्थर आया तो ये बहुत ही एक वन आफ आ काइंड।**

केंद्रीय मंत्री सरयू घाट की संध्या आरती में भी शामिल हुए।

**********

राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल कल दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल ने निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने रेडक्रास गोरखपुर की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में दो सौ टीबी उपचाराधीन मरीजों को पोषण पोटली भी वितरित किया।

**********

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने महाकुंभ के दौरान शुरू की गई ई अटल बस सेवा को प्रयागराज के आसपास के शहरों और कस्बों तक विस्तारित कर दिया है। चालीस सीटों की क्षमता वाली इन छब्बीस नई एसी बसों को महाकुंभ में शटल सेवा के तौर पर संचालित किया गया था। ये बसें प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, ऊंचाहार और सैनी जैसे उन कस्बों तक चलेंगी जो प्रयागराज से सौ किलोमीटर या उससे कम दूरी पर हैं।

**********

भारत सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने लखनऊ में प्रदेश के चार सौ चालीस कारीगरों को कल सात सौ दस मशीनरी और टूल किट वितरित किया। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से खादी ब्रांड बन गया है।

**दस साल पहले खादी ग्राम उधोग आयोग उसकी बिक्री का आंकड़ा तीस हजार करोड़ रुपये हुआ करता था और आज दस साल के बाद एक लाख छप्पन हजार करोड़ रुपये का कारोबार है। ये ब्रांड मोदी है। दस साल रहे हैं हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने पूरी व्यवस्था को बदल के रख दिया है।**

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कल खेले गये महिला प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल दो हजार पचीस में कल गुजरात जायंट्स की टीम ने यूपी वॉरियर्ज को इक्यासी रनों से पराजित कर दिया। टॉस जीतने के बाद यूपी वारियर्ज ने गुजरात की टीम को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया था । बीस ओवर में गुजरात की टीम ने एक सौ छियासी रन बनाए। वहीं यूपी की टीम एक सौ पांच रन पर ही ऑल आऊट हो गई।

**********

प्रदेश के पीलीभीत सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। वहां तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से फसलों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना व्यक्त है। विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा, हांलाकि कल और छह मार्च को बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं भी चलेंगी।

**********